# वार्षिक परीक्षा 2017-2018

## हिन्दी भाषा

**कक्षा : V**

**समय : 2 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक : 80**

**I. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखें।** **[15]**

(क) भारत में स्वच्छता अभियान की जरूरत क्यों पड़ी ? इसमें आपका क्या योगदान है ? इस अभियान का क्या परिणाम निकला ?

(ख) किसी अविस्मरणीय (न भूलने योग्य) घटना का वर्णन करें, जिससे आपको कुछ सीख मिली ?

(ग) सरस्वती माता का स्वरूप कैसा होता है ? यह पूजा कब कैसे और क्यों मनाई जाती है ? पूजा के बाद क्या-क्या वरदान माँगते हैं ?

**II. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें।** **[10]**

(क) निजी पत्र - छुट्टियों में दिल्ली घूमने का कार्यक्रम बनाएँ तथा मित्र को साथ चलने का निमन्त्रण देते हुए पत्र लिखें।

अथवा

(ख) आवेदन पत्र - अपनी कक्षा के एक छात्र द्वारा कक्षा में दुर्व्यवहार (बुरा व्यवहार) करने पर उसकी शिकायत करते हुए प्रधानाचार्या को पत्र लिखें।

**III. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।** **[5x3=15]**

किसी नगर में एक जुलाहा रहता था। वह बहुत विनम्र स्वभाव का व्यक्ति था, सदा मीठा बोलता था तथा कभी किसी से नाराज नहीं होता था। लोग उसे 'सन्त' कहते थे।

एक दिन कुछ शरारती बच्चे उसकी परीक्षा लेने के लिए उसके पास पहुँचे। उनमें से एक लड़के को अपने पैसे का बहुत घमंड था। उसने एक साड़ी की ओर इशारा करके कहा, ''इस साड़ी का क्या लोगे।'' जुलाहे ने कहा, ''दो रूपये''।

उस लड़के ने वह साड़ी हाथ में लेकर उसके दो टुकड़े कर डाले और बोला, ''मुझे पूरी नहीं, आधी चाहिए। क्या लोगे ?''

जुलाहे ने शांतिपूर्वक कहा, ''एक रूपया।'' लड़का तो उसे चिढ़ाना चाहता था। वह साड़ी के टुकड़े पर टुकड़े करता गया, पर जुलाहे ने न उसे रोका, न डाँटा। जब साड़ी के बहुत से टुकड़े हो गए तो लड़का हँसकर बोला, ''ये टुकड़े अब मेरे किसी काम के नहीं। मैं इन्हें नहीं खरीदूँगा।''

जुलाहे ने शान्त भाव से कहा, ''तुम ठीक कहते हो बेटा, ये टुकड़े अब तुम्हारे क्या, किसी के भी काम नहीं आ सकते।'' लड़के को इस बात पर कुछ शर्म आई। उसने कहा, ''मैंने तुम्हारी चीज़ खराब कर दी। उसका घाटा मुझे पूरा करना चाहिए।'' जुलाहे ने धीमी आवाज में कहा, ''क्या रूपये से इसका घाटा पूरा हो सकता है ? देखो, किसान

Downloaded From www.icseboard.org

ने मेहनत कर कपास उगाया। उस रूई से मेरी पत्नी ने सूत काता। मैंने उस सूत को रंग कर साड़ी बुनी। हमारी मेहनत तब कारगर होती, जब कोई उसे पहनता। तुमने तो इतने लोगों की मेहनत बेकार कर दी। रूपये इस घाटे को कैसे पूरा करेंगे ?''

जुलाहे ने फिर प्रेमपूर्वक कहा, ''जो व्यक्ति अपनी गलती को बार बार दोहराते हैं, उनसे कुछ सीखते नहीं हैं, उनकी जिन्दगी का वही हाल होता है जो इस साड़ी का हुआ। वह किसी के काम नहीं आती।''

लड़का और उसके साथी बहुत शर्मिंदा हुए और सिर झुकाकर अपने-अपने घर चले गए। ये जुलाहा थे दक्षिण के महान सन्त ''तिरूवल्लुवर'', जिनका लिखा 'कुरल' आज भी बड़ी श्रद्धा से पढ़ा जाता है।

प्र.1 जुलाहा कौन था ? उसका स्वभाव कैसा था ?

प्र.2 लड़के जुलाहे के पास क्यों पहुँचे? वे साड़ी के टुकड़े पर टुकड़े क्यों कर रहे थे ?

प्र.3 लड़के द्वारा चिढ़ाए जाने पर जुलाहे ने क्या कहा ?

प्र.4 क्या रुपये से साड़ी का घाटा पूरा हो सकता था ? यदि हाँ तो कैसे ? यदि नहीं तो क्यों ?

प्र.5 प्रस्तुत गद्यांश से आपको क्या शिक्षा मिली ?

**IV. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखें (शब्द उतारें)** **[5]**

1. शोक 2. आस्तिक 3. मितव्ययी 4. स्वदेश 5. अपमान

**V. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखें (शब्द उतारें)** **[4]**

1. सोना 2. रात 3. शरीर 4. मछली

**VI. निम्नलिखित श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखें। (शब्द उतारें)** **[3]**

1) अचार - 2) कढ़ाई - 3) मेला -
आचार - कड़ाही - मैला -

**VII. निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक-एक शब्द लिखें।** **[4]**

1) हानि पहुँचाने वाला 2) देश-विदेश में घूमने वाला

3) लोगों में प्रिय 4) आमों का बगीचा

**VIII. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर, किन्हीं दो मुहावरों से वाक्य बनाएँ (मुहावरे उतारें)** **[4+3]**

(क) गुण गाना (ख) हावी होना

(ग) महँगा पड़ना (घ) बाल-बाल बचना

Downloaded From www.icseboard.org

**IX. निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया-विशेषण शब्द चुनकर, उनके भेद लिखें।** **[6]**

(क) मैंने सारा काम अभी किया है ।

(ख) नानी धीरे-धीरे कहानी सुना रही थी ।

(ग) शौर्य बहुत बोलता है ।

(घ) बच्चे बाहर खेल रहे हैं ।

**X. अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों के भेद बताएँ।** **[3]**

(क) क्या तुम पढ़ रहे हो ?

(ख) दादाजी स्वस्थ नहीं हैं ।

(ग) अरे! आपने तो कमाल ही कर दिया ।

**XI. निम्नलिखित वाक्यों में भविष्यत् काल के भेद बताएँ।** **[3]**

(क) माताजी तीर्थयात्रा पर जाएँगी।

(ख) वह लगातार इतनी मेहनत करेगा, तो जरूर सफल होगा।

(ग) शायद आज उसे अस्पताल से छुट्टी मिल जाए।

**XII. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन करें।** **[5]**

(क) आपका नौकर क्यों नहीं आया ?
(लिंग बदलकर वाक्य को दोबारा लिखें)

(ख) राज को अपनी लिखावट पर ध्यान देना चाहिए ।
(संज्ञा शब्द चुनकर भेद लिखें)

(ग) काला हिरण बहुत तेज दौड़ता है ।
(वचन बदलकर वाक्य को दोबारा लिखें)

(घ) मुझे लाल-लाल सेब पसंद हैं ।
(विशेषण चुनकर भेद बताएँ)

(ङ) मैं मेरे घर जाता हूँ ।
(वाक्य शुद्ध कर पुनः लिखें)।

Downloaded From www.icseboard.org

Downloaded From www.icseboard.org